कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसींवा, रायपुर (छ.ग.)

E.mail Id-dharsiwacollege1989@gmail.com Web site- www. gpssc.in Contact No. 9893119114

क्रमांक / / धरसींवा, दिनांक 20/12/2023

'' उद्यमिता जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन''

शास पं श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय रायपुर में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई अहमदाबाद), जनशिक्षण संस्थान रायपुर एवं इंस्टिटयूट इन्नोवेशन काउंसिल पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के संयूक्त तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन बुधवार 20 दिसम्बर को आयोजित किया गया। इसमें सभी संकायो के 71 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ में प्राचार्य डॉ. शबनूर सिद्कीकी के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुआ। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई अहमदाबाद के रायपुर शाखा के आजीविका विशेषज्ञ शीबा रॉबट्र्स, द्वारा कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। प्रथम सत्र में जगगन्नाथ साहा, प्राध्यापक विवेकानंद कॉलेज रायपुर द्वारा उद्यमिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवं सफल उद्यमियों की सफलता की कहानी को प्रेरणात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया। श्री अमित रंजन लीड षाखा प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओ के बारे में विस्तार से बताया एवं बैकिंग प्रक्रिया एवं वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी। द्वितीय सत्र् में जनशिक्षण संस्थान के डायरेक्टर श्री अतुल सिंह द्वारा स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया जाने के साथ साथ उद्यमिता के प्रायोगिक रूप को उदाहरणो के माध्यम से प्रस्तुत किया गया एवं उद्यम की प्रमुख चुनौतियो के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के डॉ. सुनीता दुबे द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया, कार्यक्रम का संचालन, श्रीमती अदिती भगत द्वारा किया गया, कार्यक्रम में डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ रश्मि कुजुर सहित महाविद्यालयीन स्टॉफ उपस्थित रहे।

(डॉ. शबनूर सिद्दीकी)
प्राचार्य
शास पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय
धरसींवा, रायपुर (छ.ग.)

GOVT. PT. SHYAMACHARAN SHUKLA COLLEGE
DHARSIWA, RAIPUR (C.G.)
1-Day Entrepreneurship Awareness Programme (EAP)
Entrepreneurship Skill Development Programme (ESDP) scheme
Date :20/12/2023
Entrepreneurship Development Institute of India (EDII),
Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises, Government of India